मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-425
05/09/2025

# मुख्यमंत्री ने हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की और राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी

पटना, 05 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज फुलवारीशरीफ खानकाह मुजीबिया में उर्स के मुबारक मौके पर हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की तथा राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी।

इस अवसर पर खानकाह–ए–मुजीबिया के हाफिज मो0 नइमुद्दीन मुजीबी ने मुख्यमंत्री को राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये दुआ करायी।

चादरपोशी से पहले मुख्यमंत्री ने खानकाह मुजीबिया के पीर सज्जादानशीं हजरत मौलाना सैयद शाह मोहम्मद अयातुल्लाह कादरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

खानकाह–ए–मुजीबिया के प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, फुलवारीशरीफ नगर परिषद के अध्यक्ष मो0 आफताब आलम, खानकाह–ए–मुजीबिया के सचिव मो0 मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*******